Code No. : 085

PRE-BOARD EXAMINATION II : JANUARY - 2020

CLASS: X Div: **HINDI (2L)** **Time: 3hrs.**

MAX. MARKS : 80

सामान्य निर्देश :

1) इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं -क ,ख ,ग और घ ।
2) सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए ।
4) एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए ।
5) दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए ।
6) तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए ।
7) पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए ।

खंड क

1. निम्नलिखित गद्यांश पढकर पूछे गए प्रश्नों के उतर लिखिए :-

अच्छा नागरिक बनने केलिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है । इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धी, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव, सहयोग और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्वपूर्ण माने गए हैं । ये सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन भी सुखी और आनंदमय हो सकता है । इन सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है । इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, पास-पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा ।

वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी केलिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निघ वाणी और

शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है । अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है, जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता ।

i) समाज एवं राष्ट्र के हित में नागरिकों केलिए कैसे गुणों की अपेक्षा की जाती है ? 2

ii) किस प्रकार एक व्यक्ति कालांतर में एक श्रेष्ठ नागरिक बन सकेगा ? 2

iii) वाणी और व्यवहार की मधुरता सब केलिए सुखदायक क्यों मानी गई है ? 2

iv) अहंकारी व्यक्ति के व्यवहार का क्या परिणाम होता है ? 2

v) किसी व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रूप में कौन-से नियम अनिवार्य होने चाहिए ? 1

vi) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए 1

खंड ख

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

2. क) शब्द और पद में क्या अंतर है ? सोदाहरण लिखिए । 1

3. ख) निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए :- 3

i) सदाचारी लोग सबका आदर पाते हैं । (मिश्र वाक्य में)

ii) आप अंदर बैठ जाएँ और देर तक बात करें । (सरल वाक्य में)

iii) अध्यापिका के समझाने पर सब बच्चे तैयार हो गए । (संयुक्त वाक्य में)

4. क) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए:- 2

(i) चार भुजाओं का समूह (ii) नीला है जिसका कंठ

ख) समास विग्रह करके भेद लिखिए :-

(i) जलप्रवाह (ii) नीलगगन 2

5. क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :- 4

i) बच्चों ने काम कर सके ।

. ii) मेरे को थोडा पानी चाहिए ।

iii) माँ बच्चे को दूध पिलाया ।

iv) हम ने कहा था आपसे ।

6. ख) निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों से कीजिए :- 4

i) सभी राजपूत ------------------ बाँधकर अलाउदीन खिलजी का सामना करने निकल पड़े ।

ii) हेमा का विश्वास मत करना ,वह तो ------------------------ बदलती है ।

iii) आजकल --------------------- हाथ में मोबाइल लिए घूमता है ।

iv) कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए हिंदु और मुसलमानों के बीच ------------ देते हैं ।

7. खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

i) 26 जनवरी 1931 के दिन को अमर बनाने केलिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं? 2

ii) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा ? ‘ अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होनेवाले ’ पाठ के आधार पर लिखिए । 2

iii) तताँरा की तलवार के विषय में लोगों का क्या मत था ? 2

8 वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ,कैसे ? स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर बड़े भाई साहब के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

9 i) पावस ऋतु में प्रकृति में क्या -क्या परिवर्तन आते है ?कविता के आधार पर लिखिए । 2

ii) मनुष्य मात्र बंधु है से आप क्या समझते हैं ? 2

iii) मीराबाई ने श्रीकृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है? उनके पद के आधार पर आधार पर लिखिए । 2

10 ‘आत्मत्राण ’ कविता का प्रतिपाद्य लिखिए । 5

अथवा

‘मनुष्यता’ कविता का संदेश लिखिए ।

11 इफ्फन और टोपी की दोस्ती आज के समाज केलिए किसी वरदान से कम नहीं है । क्या आप इस कथन से सहमत है या नहीं ? हाँ या नहीं केलिए तर्कसहित अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । (लगभग 60-70 शब्दों में) 3

12 संयुक्त परिवार में सुखपूर्वक रहने केलिए आप किन -किन मूल्यों को आवश्यक मानते हैं‘ ? हरिहर काका पाठ के आलोक में उत्तर ’दीजिए । (लगभग 60-70 शब्दों में) 3

13 . खंड घ (रचनात्मक लेखन) 6

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 -100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

अथवा

क) दया धर्म का मूल है

- संसार के हर धर्म में दया और करुणापर बल
- परोपकार की भावना ही सबसे बड़ी मनुष्यता
- कुछ दयालू मनुष्यों के उदहारण
- उपसंहार

अथवा

ख) मोबाइल फोन : सुविधा या असुविधा

- आवश्यक अंग
- सहज जुड़ाव
- ढेरों सुविधाएँ
- दूसरों केलिए खतरा
- सही रूप में प्रयोग आवश्यक

अथवा

ग) पश्चिमी सभ्यता का बढ़ता प्रभाव

- प्राचीन काल से संबंध
- पश्चिमी सभ्यता का प्रभाव
- पश्चिमी सभ्यता पर रोक
- उपसंहार

14 प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए , जिसमें अपनी आर्थिक स्थिति का संक्षिप्त विवरण देते हुए शुल्क माफ करने केलिए प्रार्थना की गई हो | 5

अथवा

डाक वितरण में होनेवाली अनियमितता की सूचना देते हुए पोस्टमास्टर को पत्र लिखकर समुचित व्यवस्था करने का अनुरोध कीजिए ।

15 बस अड्डे पर खोये गए अपने सामान का विवरण देते हुए लागभग 25-30 शब्दों में एक सूचना पत्र लिखिए । 5

अथवा

आप अपने इलाके के गरीब बच्चों को प्रत्येक शनिवार और गुरूवार निशुल्क पढाना चाहते हैं । इससे संबंधित सूचना लागभग 25-30 शब्दों में जारी कीजिए ।

16 रोगी की सेवा सबसे बडी सेवा है - इस विषय पर माँ और बेटे के बीच हुई बातचीत को लगभग 50 शब्दों में लिखिए | 5

अथवा

दो विद्यार्थियों द्वारा अपनी अध्यापिका के मृदु व्यवहार पर की गई बातों को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

17 पहाडी क्षेत्र में बनाए अपने होटल केलिए लगभग 25 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए । 5

अथवा

गाड़ियों केलिए अच्छे और टिकाऊ टायरों केलिए लगभग 25 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए ।

~~<><>~~